संख्या- ए. 20011/30/2018- हिन्दी

भारत सरकार, गृह मंत्रालय
समन्वय निदेशालय (पुलिस बेतार)

खंड-9, कें.स. का. परिसर
लोधी रोड, नई दिल्ली -3
दिनांक- 27 अगस्त, 2020

परिपत्र/CIRCULAR

विषय: समन्वय निदेशालय पुलिस बेतार में हिंदी पखवाड़ा वर्ष 2020 का आयोजन।

समन्वय निदेशालय पुलिस बेतार में दिनांक 01 सितम्बर 2020 से 14 सितम्बर 2020 तक हिंदी पखवाड़ा का आयोजन किया जा रहा है। कोविड-19 महामारी को ध्यान में रखते हुए इस वर्ष हिंदी पखवाड़ा के कार्यक्रमों को यथासम्भव ऑनलाइन आयोजित करने का निर्देश गृह मंत्रालय, राजभाषा विभाग से प्राप्त हुआ है। इसलिए गृह मंत्रालय, राजभाषा विभाग द्वारा जारी दिशा-निर्देशों के आलोक में समन्वय निदेशालय पुलिस बेतार मुख्यालय और अंतर राज्य पुलिस बेतार स्टेशनों में हिंदी पखवाड़ा के दौरान हिंदी कार्यक्रमों को ऑनलाइन माध्यम से आयोजित करने का निर्णय लिया गया है, जिसका विवरण निम्नलिखित है:-

तिथि व दिन	**समय**	**कार्यक्रम का विवरण**
01/09/2020 (मंगलवार)	1200 बजे	**हिंदी पखवाड़ा का उद्घाटन**
03/09/2020 (बृहस्पतिवार)	1430-1630 बजे	**कर्मचारियों के लिए:-** ऑनलाइन हिंदी निबंध प्रतियोगिता। भाग लेने वाले कर्मचारी **"वैश्विक महामारी कोविड-19 का कारण तथा इससे बचने के उपाय"** विषय पर 500 से 700 शब्दों में निबंध लिखकर इसे स्कैन करके **dinesh.71@dcpw.gov.in** ई-मेल आईडी पर दिनांक 03/09/2020 को 1630 बजे तक मेल कर देंगे या व्यक्तिगत रूप से सहायक निदेशक (राजभाषा)/हिंदी अनुभाग में जमा करा देंगे।
04/09/2020 (शुक्रवार)	1100-1300 बजे	**अधिकारियों के लिए**:- ऑनलाइन हिंदी निबंध प्रतियोगिता। प्रतियोगिता में भाग लेने वाले अधिकारी **"देश को आत्मनिर्भर कैसे बनाया जाए"** विषय पर 500 से 700 शब्दों में निबंध लिखकर इसे स्कैन करके **dinesh.71@dcpw.gov.in** ई-मेल आईडी पर दिनांक 04/09/2020 को 1300 बजे तक मेल कर देंगे या व्यक्तिगत रूप से सहायक निदेशक (राजभाषा)/हिंदी अनुभाग में जमा करा देंगे।
07/09/2020 से 10/09/2020 तक	कार्यालय अवधि में।	**निदेशालय के अनुभागों के हिंदी कार्यों का निरीक्षण।** इसके लिए अलग से परिपत्र के माध्यम से सूचित किया जाएगा।
11/09/2020 (शुक्रवार)	1430-1630 बजे	**हिंदी कार्यशाला**:- यह कार्यशाला ऑनलाइन माध्यम से आयोजित की जाएगी, इसलिए भाग लेने वाले सभी अधिकारी एवं कर्मचारी अपने मोबाइल फोन पर Google Meet App डाउनलोड कर लेंगे और इसका प्रयोग करते हुए हिंदी कार्यशाला में अपने कार्यस्थल से ही जुड़ जाएंगे। कार्यशाला में भाग लेने हेतु कृपया अपना नाम सहित ई-मेल हिंदी अनुभाग में यथाशीघ्र भेज दें, ताकि कार्यशाला में भाग लेने हेतु लिंक भेजा जा सके।

2/-

14/09/2020 (सोमवार)	1500-1700 बजे	<u>अधिकारियों एवं कर्मचारियों के लिए हिंदी वाद-विवाद प्रतियोगिता</u>:- यह प्रतियोगिता वीडियो कॉप्न्फ्रेंसिंग के माध्यम से आयोजित की जाएगी। प्रतियोगिता में भाग लेने वाले अधिकारी **"नई शिक्षा नीति"** विषय पर 05 मिनट वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से अपना विचार प्रस्तुत करेंगे। इस प्रतियोगिता में भाग लेने वाले अधिकारी एवं कर्मचारी अपने मोबाइल फोन पर Google Meet App डाउनलोड कर लेंगे और इसका प्रयोग करते हुए वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से प्रतियोगिता में भाग लेंगे। प्रतियोगिता में भाग लेने वाले अधिकारी एवं कर्मचारी कृपया अपना नाम सहित ई-मेल हिंदी अनुभाग में यथाशीघ्र अवश्य भेज दें, ताकि प्रतियोगिता में भाग लेने हेतु लिंक भेजा जा सके।
	1705 बजे	हिंदी पखवाड़ा का समापन

2. सभी हिंदी कार्यक्रम ऑनलाइन/वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से आयोजित किए जाएंगे। सभी अधिकारियों से अनुरोध है कि वे अपने-अपने अनुभाग में कार्यरत कर्मचारियों को इन प्रतियोगिताओं में भाग लेने हेतु प्रेरित करें और हिंदी निबंध एवं हिंदी वाद-विवाद प्रतियोगिता में भाग लेने वाले अधिकारियों एवं कर्मचारियों का नाम दिनांक 01 सितम्बर 2020 तक निदेशालय के हिंदी अनुभाग में भेजना सुनिश्चित करें। यह भी अनुरोध है कि हिंदी पखवाड़ा के दौरान अधिक से अधिक सरकारी कामकाज राजभाषा हिंदी में निष्पादित किए जाएं।

3. यह सक्षम प्राधिकारी के अनुमोदन से जारी किया जाता है।

27.8.2020

(डॉ. आर. के. सिंह)
सहायक निदेशक (राजभाषा)
फोन नम्बर- 011-24361588
ई-मेल आईडी-rajivkumar.79@dcpw.gov.in

<u>प्रतिलिपि</u>.

1. अपर निदेशक (मुख्यालय)/अपर निदेशक (प्रचालन) के निजी सचिव : सादर सूचनार्थ
2. निदेशालय के सभी संयुक्त निदेशक/उप निदेशक/सहायक निदेशक
3. सभी अनुभाग अधिकारी/लेखा अधिकारी, स.नि.पु.बे.
4. सहायक निदेशक, केंद्रीय पुलिस रेडियो प्रशिक्षण संस्थान, वन्दे मातरम् मार्ग, नई दिल्ली
5. सहायक निदेशक, पोलनेट हब स्टेशन, समन्वय सदन, सिरी फोर्ट, नई दिल्ली
6. सहायक निदेशक (सूचना प्रौद्योगिकी) - **विभाग की वेबसाइट पर अपलोड करने हेतु, अंतर राज्य पुलिस बेतार केन्द्रों के संयुक्त सहायक निदेशक/केन्द्र अधीक्षक भी अपने-अपने केन्द्र में हिंदी पखवाड़ा का आयोजन करेंगे। आयोजन हेतु प्रत्येक केन्द्र को रू. 1000/- व्यय करने की सैद्धांतिक मंजूरी सक्षम प्राधिकारी द्वारा दी गई है।**
7. कार्यालय प्रति /नोटिस बोर्ड

के. सहा.: 27/08/2020 स.सं.अ. (आई.टी.)